जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें ।

**2025**

Question Booklet Bar Code Serial No.
प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या
1161857

कोड : BIRU-15

विषय : सामान्य अध्ययन एवं शारीरिक शिक्षा

भाग – I : सामान्य अध्ययन : प्रश्न संख्या 1 से 30

भाग – II : शारीरिक शिक्षा : प्रश्न संख्या 31 से 120

समय : 2 घण्टे | पूर्णांक : 150

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें — अंकों में → | | | | | | |

शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल काले बॉल–प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें । अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।

अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर

आपको अपने सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक अन्तरीक्षक को सौंप दें तथा अभ्यर्थी प्रति (नीली) अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें ।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं । ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक और प्रश्न–पुस्तिका जिनकी बार कोड क्रम संख्या एकसमान है, सीलड पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के अन्दर एक साथ रखी है ।
2. **पारदर्शी सीलड पॉलीथीन पैकेट खोलने के तुरन्त बाद, पुनः जाँच करके देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान हैं तथा सभी पृष्ठ भली–भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान न हों या इसमें अन्य कोई विसंगति हो, तो इसे अन्तरीक्षक को वापस कर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की दूसरी सीलड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लें ।**
3. अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की पुष्टि करने के उपरान्त ही ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड निर्धारित स्थान पर अंकित करें, अन्यथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न–पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें । रफ कार्य के लिए प्रश्न–पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें ।
5. **इस प्रश्न–पुस्तिका में 120 प्रश्न हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के चार (4) वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल–प्वॉइंट पेन से पूरा काला कर दें ।**
6. इस प्रश्न–पुस्तिका में सभी प्रश्न अंग्रेज़ी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं । द्विभाषी (अंग्रेज़ी/हिन्दी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में प्रश्न का अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा ।
7. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

   **ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक–तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।

   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई **दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

**नोट : कृपया प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की जाँच कर ली जाए तथा बार कोड क्रम संख्या के एकसमान न होने की दशा में उसे बदलकर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की दूसरी सीलड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लिया जाए ।**

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

## Part – II / भाग – II
## Physical Education / शारीरिक शिक्षा

31. Consider the following events and arrange these in correct chronological order starting from the earliest to the last activity.

1. Government College of Physical Education, Patiala.
2. L.N.I.P.E., Gwalior.
3. Y.M.C.A. College of Physical Education, Madras.
4. Lucknow Christian College of Physical Education, Lucknow.

Select the correct answer from the following code.

**Code :**

(a) 3, 1, 4, 2
(b) 2, 1, 3, 4
(c) 3, 4, 2, 1
(d) 4, 3, 1, 2

32. The ability to learn different motor skills in easy and quick way is called

(a) Knowledge ability
(b) Motor educability
(c) Motor ability
(d) None of the above

33. Who proposed the 'Recapitulatory theory' in play ?

(a) Carl Groos
(b) Patric
(c) G. Stanley Hall
(d) Aristotle

34. Which of the following is concentrated source of energy ?

(a) Minerals
(b) Fat
(c) Carbohydrate
(d) Protein

31. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिये तथा इन्हें सही कालनुक्रम में व्यवस्थित कीजिये सबसे पहले से लेकर आखिरी गतिविधि तक ।

1. गवर्नमेन्ट कालेज ऑफ फिजिकल एजूकेशन, पटियाला ।
2. एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर ।
3. वाई.एम.सी.ए. कालेज ऑफ फिजिकल एजूकेशन, मद्रास ।
4. लखनऊ क्रिश्चियन कालेज ऑफ फिजिकल एजूकेशन, लखनऊ ।

नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये ।

**कूट :**

(a) 3, 1, 4, 2
(b) 2, 1, 3, 4
(c) 3, 4, 2, 1
(d) 4, 3, 1, 2

32. आसानी से और शीघ्रता से विभिन्न गामक कौशल सीखने की क्षमता कहलाती है

(a) ज्ञान क्षमता
(b) गामक शिक्षणीयता
(c) गामक क्षमता
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

33. खेलों में 'पुनरावृत्ति सिद्धान्त' का प्रस्ताव किसके द्वारा दिया गया था ?

(a) कार्ल ग्रोस
(b) पैट्रिक
(c) जी. स्टेनली हॉल
(d) अरस्तू

34. निम्नलिखित में से कौन-सा ऊर्जा का सघन स्रोत है ?

(a) खनिज़
(b) वसा
(c) कार्बोहाइड्रेट
(d) प्रोटीन

35. Match List – I with List – II and choose the correct answer using the code given below the lists.

| List – I (Author) | List – II (Theories) |
|---|---|
| A. Thorndike | 1. Theory of conscious ideals |
| B. Charles H. Judd | 2. Two factor theory |
| C. W. C. Baglay | 3. Theory of identical elements |
| D. Spearman | 4. Theory of Generalisation |

Code :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) A – 3 | B – 4 | C – 1 | D – 2 |
| (b) A – 3 | B – 2 | C – 4 | D – 1 |
| (c) A – 4 | B – 3 | C – 1 | D – 2 |
| (d) A – 3 | B – 4 | C – 2 | D – 1 |

36. Which is NOT the law of learning from the following ?
(a) Law of exercise
(b) Law of readiness
(c) Law of action and reaction
(d) Law of effect

37. Fats are also an important energy sources which is used up after how many minutes of exercise ?
(a) 40 minutes (b) 30 minutes
(c) 10 minutes (d) 20 minutes

38. From the following who propounded naturalism in education ?
(a) Bryce (b) Rousseau
(c) Perry (d) Hocking

39. From the following test items, which is NOT in AAHPER volley ball test items ?
(a) Set-up test item
(b) Passing test item
(c) Throwing test item
(d) Volleying test item

40. From the following, which is NOT the Krestchmer's classification of personality ?
(a) Picnic (b) Choleric
(c) Asthenic (d) Athletic

35. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये ।

| सूची – I (लेखक) | सूची – II (सिद्धान्त) |
|---|---|
| A. थॉर्नडाइक | 1. सचेत आदर्शों का सिद्धान्त |
| B. चार्ल्स एच. जुड | 2. दो-कारक सिद्धान्त |
| C. डबल्यू. सी. बागले | 3. समान तत्वों का सिद्धान्त |
| D. स्पीयरमैन | 4. सामान्यीकरण का सिद्धान्त |

कूट :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) A – 3 | B – 4 | C – 1 | D – 2 |
| (b) A – 3 | B – 2 | C – 4 | D – 1 |
| (c) A – 4 | B – 3 | C – 1 | D – 2 |
| (d) A – 3 | B – 4 | C – 2 | D – 1 |

36. निम्नलिखित में से कौन-सा सीखने का नियम **नहीं** है ?
(a) अभ्यास का नियम
(b) तत्परता का नियम
(c) क्रिया-प्रतिक्रिया का नियम
(d) प्रभाव का नियम

37. वसा भी ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्रोत है, जिसका उपयोग व्यायाम के कितने मिनिट बाद शुरू होता है ?
(a) 40 मिनिट (b) 30 मिनिट
(c) 10 मिनिट (d) 20 मिनिट

38. निम्नलिखित में से किसने शिक्षा में प्रकृतिवाद का प्रतिपादन किया ?
(a) ब्राइस (b) रूसो
(c) पैरी (d) हॉकिंग

39. निम्नलिखित परीक्षा मद में से ए.ए.एच.पी.ई.आर. वॉली बॉल परीक्षण मद का मद **नहीं** है
(a) सेट-अप परीक्षण मद
(b) पासिंग परीक्षण मद
(c) थ्रोइंग परीक्षण मद
(d) वालिंग परीक्षण मद

40. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रेश्चमर के व्यक्तित्व वर्गीकरण का हिस्सा **नहीं** है ?
(a) पिकनिक (b) कोलेरिक
(c) एस्थेनिक (d) एथलेटिक

41. Who has given the definition, "A work plan is prepared within the organisation." ?
(a) Fredric E. Woolf (b) J. B. Nash
(c) J. P. Thomas (d) C. A. Bucher

42. The incus and stapes bones are found
(a) Inside ear (b) In Wrist joint
(c) In Knee joint (d) In Ankle joint

43. From the following, which is the instrument to measure vital capacity ?
(a) Spirometer (b) Screen fold caliper
(c) Stethoscope (d) Dynamometer

44. Which one is NOT theory of personality study ?
(a) Humanistic theory
(b) Social learning theory
(c) Psychodynamic theory
(d) Universal theory

45. Anoxaemia is related to
(a) Reduced oxygen in arterial blood
(b) Reduced haemoglobin
(c) Reduced oxygen in tissues
(d) Increased volume of carbondioxide

46. The term consistency is associated with
(a) Reliability (b) Subjectivity
(c) Validity (d) Objectivity

47. How many test items are there in Kraus-Weber strength test from the following ?
(a) 08 test items (b) 06 test items
(c) 04 test items (d) 05 test items

48. From the following, learning about sports rules, history and traditions falls under which domains of learning ?
(a) Associative (b) Psychomotor
(c) Cognitive (d) Affective

41. "संगठन के अन्तर्गत कार्य की योजना निर्मित की जाती है", यह परिभाषा किसने दी ?
(a) फ्रेडरिक इ. वुल्फ (b) जे. बी. नैश
(c) जे. पी. थॉमस (d) सी. ए. बूचर

42. इन्कस और स्टेप्स हड्डियाँ पाई जाती है
(a) कान के अन्दर (b) कलाई के जोड में
(c) घुटने के जोड में (d) टखने के जोड में

43. निम्नलिखित में से वाइटल कैपेसिटी मापने का यंत्र कौन–सा है ?
(a) स्पाइरोमीटर (b) स्क्रीन फोल्ड कैलीपर
(c) स्टेथोस्कोप (d) डायनमोमीटर

44. इनमें से कौन–सा व्यक्तित्व अध्ययन का सिद्धान्त नहीं है ?
(a) मानवता वादी सिद्धान्त
(b) सामाजिक शिक्षण सिद्धान्त
(c) मनोगतिकीय सिद्धान्त
(d) सार्वभौमिक सिद्धान्त

45. एनोक्सिमिया किससे सम्बन्धित है ?
(a) धमनीय रक्त में ऑक्सीजन की कमी
(b) हीमोग्लोबिन की कमी
(c) ऊतकों में ऑक्सीजन की कमी
(d) कार्बनडाइऑक्साइड की मात्रा में वृद्धि

46. निरंतरता (कंसिस्टेन्सी) शब्द सम्बन्धित है
(a) विश्वसनीयता (b) विषयनिष्ठता
(c) वैधता (d) वस्तुनिष्ठता

47. निम्नलिखित में से क्रास–वेबर शक्ति परीक्षण में कितने परीक्षण आइटम हैं ?
(a) 08 परीक्षण मद (b) 06 परीक्षण मद
(c) 04 परीक्षण मद (d) 05 परीक्षण मद

48. निम्नलिखित में से खेल के नियमों, इतिहास और परम्पराओं के बारे में सीखना सीखने के किन क्षेत्रों के अन्तर्गत आता है ?
(a) सहयोगी (b) साइकोमोटर
(c) सज्ञानात्मक (d) प्रभावशाली

49. In which year the Kothari Education Committee was formed ?

(a) 1965 (b) 1962
(c) 1960 (d) 1957

50. Match List – I with List – II and choose the correct answer using the code below :

| List – I (Vitamins) | List – II (Importance) |
|---|---|
| A. Vitamin $B_1$ | 1. Healthy nervous system |
| B. Vitamin $B_2$ | 2. Healthy skin |
| C. Vitamin $B_3$ | 3. Production of Red Blood Cells |
| D. Vitamin $B_{12}$ | 4. Growth and development and carbohydrate metabolism |

**Code :**

(a) A – 1 B – 2 C – 3 D – 4
(b) A – 2 B – 3 C – 4 D – 1
(c) A – 4 B – 3 C – 2 D – 1
(d) A – 3 B – 1 C – 2 D – 4

51. Which instrument is used to measure increased temperature of muscle during muscle contraction ?

(a) Thermopile (b) Thermokind
(c) Thermoline (d) Thermodine

52. From the following games knox skill test is related from which game ?

(a) Tennis (b) Basket ball
(c) Volley ball (d) Hockey

53. From the following, when the adaptation process occur ?

(a) Load is optimum
(b) Load is lowest
(c) Load is medium
(d) None of the above

54. Who was the first king to build Circus Maximus ?

(a) Tarquinius Maximus
(b) Tarquinius Priscus
(c) Julius Ceasar
(d) Romulus

49. कोठारी एजूकेशन समिति कब स्थापित की गई थी ?

(a) 1965 (b) 1962
(c) 1960 (d) 1957

50. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये :

| सूची – I (विटामिन्स) | सूची – II (महत्व) |
|---|---|
| A. विटामिन–बी$_1$ | 1. स्वस्थ नर्वस सिस्टम |
| B. विटामिन–बी$_2$ | 2. स्वस्थ त्वचा |
| C. विटामिन–बी$_3$ | 3. लाल रक्त कणिकाओं का उत्पादन |
| D. विटामिन–बी$_{12}$ | 4. वृद्धि एवं विकास एवं कार्बोहाइड्रेट चयापचय |

**कूट :**

(a) A – 1 B – 2 C – 3 D – 4
(b) A – 2 B – 3 C – 4 D – 1
(c) A – 4 B – 3 C – 2 D – 1
(d) A – 3 B – 1 C – 2 D – 4

51. मांसपेशियों के संकुचन के दौरान मांसपेशियों के तापमान में वृद्धि को मापने में किस उपकरण का उपयोग किया जाता है ?

(a) थर्मोपाइल (b) थर्मोकाइन्ड
(c) थर्मोलाइन (d) थर्मोडाइन

52. निम्नलिखित खेलों में से नाक्स कौशल परीक्षण किस खेल से सम्बन्धित है ?

(a) टेनिस (b) बास्केट बॉल
(c) वॉली बॉल (d) हाकी

53. निम्नलिखित में से, अनुकूलन प्रक्रियाऐं कब घटित होती है ?

(a) भार इष्टतम है
(b) भार न्यूनतम है
(c) भार मध्यम है
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

54. सर्कस मैक्सिमस को सबसे पहले किस राजा ने बनवाया था ?

(a) टारक्यूनियस मैक्सीमस
(b) टारक्यूनियस प्रिस्कस
(c) जूलिस सीजर
(d) रोमुलस

55. The main objective of teacher training in physical education is
(a) Promote elite performance only
(b) Increase sports competitions
(c) Produce sports administrators
(d) Develop professionally competent teachers

56. In sliding filament theory, during contraction
(a) Muscle fibers are elongated
(b) Myosin filament slide over actin
(c) Bone shortens
(d) Actin filament slide over myosin

57. Who was the first Greek expert in tests and measurement, who introduced the method of Anthropometry ?
(a) Hippocrates
(b) Dr. Edward Hitchcock
(c) Mosso
(d) D. A. Sargent

58. Which among the following can be tailored by researcher as per the need ?
(a) Result (b) Questionnaire
(c) Sample (d) Data

59. Consider the following statements with reference to movement around joints.
1. Abduction is outside movement away from the mid line of the body like lifting the arm side ways.
2. Inversion is turning the sole of the foot outward.

Select the correct answer from the following code.

**Code :**
(a) neither 1 nor 2 is correct
(b) only 2 is correct
(c) only 1 is correct
(d) both 1 and 2 are correct

55. शारीरिक शिक्षा में शिक्षक प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है
(a) केवल उच्च प्रदर्शन को बढ़ावा देना
(b) खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ाना
(c) खेल प्रशासक तैयार करना
(d) व्यवसायक रूप से सक्षम शिक्षक विकसित करना

56. संकुचन के दौरान स्लाइडिंग फिलामेन्ट सिद्धान्त में
(a) मांसपेशी रेशे दीर्घित हो जाते है
(b) मायोसिन रेशे एक्टिन फिलामेन्ट पर सरकते है
(c) अस्थियाँ छोटी हो जाती है
(d) एक्टिन रेशे मायोसिन पर सरकते है

57. परीक्षण एवं मापन के क्षेत्र में प्रथम यूनानी विशेषज्ञ कौन थे, जिन्होंने मानवमिति पद्धति का परिचय दिया ?
(a) हिप्पोक्रेट्स
(b) डॉ. एडवर्ड हिचकाक
(c) मोसो
(d) डी. ए. सारजेन्ट

58. निम्नलिखित में से किसे शोधकर्ता आवश्यकतानुसार अनुकूलित कर सकता है ?
(a) परिणाम (b) प्रश्नावली
(c) नमूना (d) डेटा

59. जोडों को आस पास की गति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये ।
1. एबडेक्शन शरीर की मध्य रेखा से दूर की ओर होने वाली बाहरी गति है, जैसे हाथों को बगल की ओर उठाना ।
2. इनवर्सन का अर्थ है, पैर के तलवे को बाहर की ओर घुमाना ।

नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये ।

**कूट :**
(a) न तो 1 न ही 2 सही है
(b) केवल 2 सही है
(c) केवल 1 सही है
(d) दोनों 1 एवं 2 सही हैं

60. Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | Ability to overcome resistance | 1. | Maximum strength |
| B. | To act against maximum resistance | 2. | Strength |
| C. | Combination of strength and speed abilities | 3. | Explosive strength |
| D. | To act against resistance under condition of fatigue | 4. | Strength endurance |

(a) A – 2 B – 1 C – 4 D – 3
(b) A – 1 B – 2 C – 3 D – 4
(c) A – 2 B – 1 C – 3 D – 4
(d) A – 3 B – 4 C – 2 D – 1

61. From the following classification of research data, which is NOT the quality of good classification ?
(a) Variability (b) Stability
(c) Clarity (d) Utility

62. Which disease is also called as "Slim Disease" ?
(a) AIDS (b) Pneumonia
(c) Hepatitis – A (d) Tuberculosis

63. Which one can be considered as the "architectural plan" of research work ?
(a) Research proposal
(b) Statement of proposal
(c) Research report
(d) Hypothesis

64. Which of the following is covered under sports law ?
(a) Doping control
(b) Sports injury liability
(c) Player contract
(d) All of the above

60. निम्नलिखित का मिलान करें ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | प्रतिरोध पर काबू पाने की क्षमता | 1. | अधिकतम शक्ति |
| B. | अधिकतम प्रतिरोध के विरुद्ध कार्य करना | 2. | शक्ति |
| C. | शक्ति और गति क्षमताओं का संयोजन | 3. | विस्फोटक शक्ति |
| D. | थकान की स्थिति में प्रतिरोध के विरुद्ध कार्य करना | 4. | शक्ति सहन-शक्ति |

(a) A – 2 B – 1 C – 4 D – 3
(b) A – 1 B – 2 C – 3 D – 4
(c) A – 2 B – 1 C – 3 D – 4
(d) A – 3 B – 4 C – 2 D – 1

61. निम्नलिखित शोध आंकडों के वर्गीकरण में से कौन-सा वर्गीकरण अच्छे वर्गीकरण के गुणों को **नहीं** दर्शाता है ?
(a) परिवर्तनशीलता (b) स्थिरता
(c) स्पष्टता (d) उपयोगिता

62. "स्लिम डिसीज़" नाम से किसे जाना जाता है ?
(a) एड्स (b) न्यूमोनिया
(c) हेपेटाइटिस – A (d) क्षयरोग

63. किसे शोध कार्य की "वास्तुशिल्प योजना" माना जा सकता है ?
(a) अनुसंधान प्रस्ताव
(b) प्रस्ताव का विवरण
(c) शोध रिपोर्ट
(d) परिकल्पना

64. निम्न में से कौन खेल कानून के अंतर्गत आता है ?
(a) डोपिंग नियंत्रण
(b) खेल चोटों की जिम्मेदारी
(c) खिलाडी अनुबंध
(d) उपरोक्त सभी

65. Which is the first step to organise a sports competition ?
(a) Control and evaluation
(b) The action plan
(c) The diagnosis
(d) The preparation

66. Which among the following is the last stage of receiving signal set from central nervous system ?
(a) Sensory Nerves
(b) Sympathetic Nervous system
(c) Peripheral Nervous system
(d) Autonomic Nervous system

67. From the following which is NOT the external load ?
(a) Heart rate
(b) Load intensity
(c) Type of exercises
(d) Quality of execution

68. Sports psychology explores one's behaviour in athletics who said it ?
(a) Singer (b) Colman Griffith
(c) Alderman (d) McQueen

69. From the following, which is NOT the factor effecting growth and development ?
(a) Cleanliness (b) Genetics
(c) Nutrition (d) Environment

70. From the following one gram of fat gives how many kilocalories energy ?
(a) 10 kilocalories (b) 09 kilocalories
(c) 04 kilocalories (d) 06 kilocalories

71. Post iso-metric stretch method is mainly used to develop
(a) Co-ordination
(b) Endurance
(c) Flexibility
(d) Speed and explosive power

65. किसी भी खेल प्रतियोगिता को आयोजित करने के लिये पहला कदम क्या है ?
(a) नियंत्रण और मूल्यांकन
(b) कार्य योजना
(c) निदान
(d) तैयारी

66. निम्नलिखित में से कौन–सा केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र से संकेत प्राप्त करने का अंतिम चरण है ?
(a) संवेदी तंत्रिकाऐं
(b) अनुकंपीय तंत्रिका तंत्र
(c) परिधीय तंत्रिका तंत्र
(d) स्वायत्त तंत्रिका तंत्र

67. निम्नलिखित में से कौन–सा बाह्य भार **नहीं** है ?
(a) हृदय दर
(b) भार तीव्रता
(c) व्यायाम का प्रकार
(d) निष्पादन की गुणवत्ता

68. खेल मनोविज्ञान एथलेटिक्स में व्यक्ति के व्यवहार का अध्ययन करता है–यह कथन किसने दिया ?
(a) सिंगर (b) कोलमैन ग्रिफिथ
(c) एल्डरमैन (d) मैकक्वीन

69. निम्नलिखित में से कौन वृद्धि और विकास को प्रभावित करने वाला कारक **नहीं** है ?
(a) स्वच्छता (b) आनुवंशिक
(c) पोषण (d) पर्यावरण

70. निम्नलिखित में से एक ग्राम वसा कितने किलोकैलोरी ऊर्जा प्रदान करता है ?
(a) 10 किलोकैलोरी (b) 09 किलोकैलोरी
(c) 04 किलोकैलोरी (d) 06 किलोकैलोरी

71. पोस्ट आइसोमैट्रिक स्ट्रेच विधि का उपयोग मुख्यत: विकसित करता है
(a) समन्वय
(b) सहन शक्ति
(c) लचीलापन
(d) गति एवं विस्फोटक शक्ति

72. From the following, in which type of lever the force is in between weight and fulcrum ?
(a) Type – II
(b) Type – III
(c) Type – I and Type – II
(d) Type – I

73. How many types of proteins contains by Actin filament from the following ?
(a) 06 (b) 05
(c) 02 (d) 03

74. Which muscle contraction is also called as Isotonic or auxo-tonic muscle contraction ?
(a) Combination muscle contraction
(b) Dynamic muscle contraction
(c) Static muscle contraction
(d) Cross section muscle contraction

75. Dyer skill test is related with which game from the following ?
(a) Archery (b) Tennis
(c) Table Tennis (d) Badminton

76. What is the formula to find velocity ?
(a) Velocity = Change in displacement/Speed
(b) Velocity = Displacement/Time
(c) Velocity = Time/Change in displacement
(d) Velocity = Change in displacement/Time

77. Match List – I with List – II and choose the correct answer using the code given below the lists.

| List – I (Theory) | List – II (Author) |
|---|---|
| A. Recreational | I. Lord Kames and G. T. W. Patric |
| B. Play is life | II. John Dewey |
| C. Psycho analytic theory | III. Sigmund Freud |
| D. Recapitulation | IV. G. Stanley Hall |

**Code :**
(a) A – 4 B – 2 C – 1 D – 3
(b) A – 1 B – 2 C – 3 D – 4
(c) A – 2 B – 4 C – 1 D – 3
(d) A – 2 B – 3 C – 4 D – 1

72. निम्नलिखित में से किस प्रकार के उत्तोलक में बल, भार और आधार बिन्दु के बीच में होता है ?
(a) टाइप – II
(b) टाइप – III
(c) टाइप – I और टाइप – II
(d) टाइप – I

73. निम्नलिखित में से एक्टिन तंतुओं में कितने प्रकार के प्रोटीन होते है ?
(a) 06 (b) 05
(c) 02 (d) 03

74. किस मांसपेशी संकुचन को अइसोटोनिक या ऑक्सोटोनिक मांसपेशी संकुचन भी कहा जाता है ?
(a) संयुक्त मांसपेशी संकुचन
(b) गतिशील मांसपेशी संकुचन
(c) स्थिर मांसपेशी संकुचन
(d) अनुप्रस्थ काट मांसपेशी संकुचन

75. निम्नलिखित खेलों में से डायर स्किल टेस्ट किस खेल से सम्बन्धित है ?
(a) तीरंदाजी (b) टेनिस
(c) टेबल टेनिस (d) बैडमिन्टन

76. वेग ज्ञात करने का सूत्र क्या है ?
(a) वेग = विस्थापन में परिवर्तन/रफ्तार
(b) वेग = विस्थापन/समय
(c) वेग = समय/विस्थापन में परिवर्तन
(d) वेग = विस्थापन में परिवर्तन/समय

77. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये ।

| सूची – I (सिद्धान्त) | सूची – II (लेखक) |
|---|---|
| A. मनोरंजन | I. लार्ड केम्स एवं जी. टी. डब्ल्यू. पैट्रिक |
| B. खेल ही जीवन है | II. जॉन डीवी |
| C. मनोविश्लेषणात्मक सिद्धान्त | III. सिगमंड फ्रायड |
| D. पुनरावलोकन | IV. जी. स्टेनली हॉल |

**कूट :**
(a) A – 4 B – 2 C – 1 D – 3
(b) A – 1 B – 2 C – 3 D – 4
(c) A – 2 B – 4 C – 1 D – 3
(d) A – 2 B – 3 C – 4 D – 1

78. Given below are two statements, one is labeled as Assertion (A) and other as Reason (R).

**Assertion (A) :** Acceleration ability is very important in sprinting events.

**Reason (R) :** Because sprinting requires rapid increase in speed in a very short time.

Select the correct answer using the code given below.

**Code :**

(a) (A) is false but (R) is true

(b) (A) is true but (R) is false

(c) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A)

(d) Both (A) and (R) are true and (R) is not correct explanation of (A)

78. नीचे दो कथन हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A) :** त्वरण क्षमता तेज दौड प्रतियोगिताओं में अत्यन्त महत्वपूर्ण है ।

**कारण (R) :** क्योंकि तेज दौड में बहुत कम समय में गति को तेजी से बढ़ाना होता है ।

नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिये ।

**कूट :**

(a) (A) गलत है, किन्तु (R) सत्य है

(b) (A) सत्य है, किन्तु (R) गलत है

(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है

(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

79. Who is the father of sports psychology from the following ?

(a) William McDonald

(b) Browne and Mahoney

(c) Dr. Ferruccio Antonelli

(d) Coleman Griffith

79. निम्नलिखित में से खेल मनोविज्ञान का पिता कौन है ?

(a) विलियम मैकडॉनल्ड

(b) ब्राउन और महोनी

(c) डा. फेरूशियो एंटोनेली

(d) कोलमैन ग्रिफिथ

80. Who was the first secretory general of I.O.A. established in the year 1927 ?

(a) Prof. Guru Dutt Sondhi

(b) Raj Kumari Amrit Kaur

(c) Sir Dorabji Tata

(d) Dr. A. G. Noehren

80. 1927 में स्थापित I.O.A. के पहले महासचिव कौन थे ?

(a) प्रोफेसर गुरु दत्त सोंधी

(b) राजकुमारी अमृत कौर

(c) सर दोराबजी टाटा

(d) डा. ए. जी. नोहरन

81. Consider the following statements with reference to joints.

1. Hinge joints are those joints, which allow forward and backward motion in one plane.
2. In gliding joints the articular surface glide over each other.

Select the correct answer from the code given below.

**Code :**

(a) neither 1 nor 2 is correct

(b) only 2 is correct

(c) only 1 is correct

(d) 1 and 2 are correct

81. जोडों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये ।

1. हिंज जोड जो एक ही तल में आगे और पीछे की गति की अनुमति देते हैं ।
2. ग्लाइडिंग जोडों में आर्टिकुलर सतहें एक दूसरे के ऊपर ग्लाइड करती हैं ।

नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये ।

**कूट :**

(a) न तो 1 न ही 2 सही है

(b) केवल 2 सही है

(c) केवल 1 सही है

(d) दोनों 1 व 2 सही है.

82. The state of overcompensation (supercompensation) is a temporary phase which lasts for a

(a) Few months (b) Few days

(c) Few minutes (d) Few hours

83. According to Newton's second law of motion force is directly proportional to

(a) Mass only (b) Velocity

(c) Displacement (d) Acceleration

84. Who developed 'Hierarchy of human needs theory'?

(a) Alderfer (b) Abraham Maslow

(c) Clark Hull (d) Morgan and King

85. The degree of load is also called

(a) Maximum load (b) Optimal load

(c) Internal load (d) External load

86. Match List – I with List – II and choose the correct answer using the code given below the lists.

| List – I | List – II |
|---|---|
| I. Abrasion | 1. Wound |
| II. Overstretching of the ligaments | 2. Sprain |
| III. Tension in muscle fibers | 3. Strain |
| IV. Injury by sharp blow or fall | 4. Bruise |

**Code :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

87. "A weak person who has weak body or weak mind can never be master of a strong soul." Who said this statement ?

(a) Aristotle

(b) Ravindranath Tagore

(c) Mahatma Gandhi

(d) Swami Vivekanand

82. अति-प्रतिपूर्ति (सुपरकम्पन्सेशन) की अवस्था एक अस्थायी चरण है, जो रहता है

(a) कुछ महिनों तक (b) कुछ दिनों तक

(c) कुछ मिनटों तक (d) कुछ घंटों तक

83. न्यूटन के गति के दूसरे नियम के अनुसार, बल सीधे समानुपाती है

(a) केवल द्रव्यमान के (b) वेग के

(c) विस्थापन के (d) त्वरण के

84. किसने 'मानव आवश्यकताओं के पदानुक्रम सिद्धान्त' का विकास किया ?

(a) एल्डरफेर (b) अब्राहम मास्लो

(c) क्लार्क हल (d) मोर्गन एवं किंग

85. भार की मात्रा को कहा जाता है

(a) अधिकतम भार (b) क्षमता युक्त भार

(c) आन्तरिक भार (d) बाह्य भार

86. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| I. छिलना | 1. घाव |
| II. लिगामेन्ट का अत्यधिक खिचाव | 2. स्प्रेन |
| III. मांसपेशी फाइबर में तनाव | 3. स्ट्रेन |
| IV. तेज प्रहार या गिरने से चोट | 4. ब्रूज (नील) |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

87. "एक कमजोर व्यक्ति जिसका शरीर या मन कमजोर होता है, वह कभी भी सशक्त आत्मा का स्वामी नहीं बन सकता ।" यह कथन किसने कहा है ?

(a) अरस्तू

(b) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(c) महात्मा गाँधी

(d) स्वामी विवेकानन्द

88. From the following which is NOT the axis in human body ?
(a) Vertical Axis (b) Motion Axis
(c) Spatial Axis (d) Frontal Axis

89. Which one is NOT the basic class of measurement technique of personality ?
(a) Interviews
(b) Questionnaire
(c) Rating scale
(d) Unstructured projective tests

90. Which of the following is the principal means of training ?
(a) Load volume
(b) Load intensity
(c) Physical exercise
(d) Movement quality

91. How many types of joints are classified on the basis of structure from the following ?
(a) 05 (b) 04
(c) 01 (d) 03

92. Who invented circuit training method ?
(a) Herbert Spencer
(b) Charles A. Booker
(c) Morgan and Adamson
(d) Aristotle

93. Which avenue deals with organisation and administration of sports events ?
(a) Sport Medication
(b) Sport Psychology
(c) Sport Management
(d) Sport Journalism

94. Which philosophy is the oldest philosophy from the following ?
(a) Pragmatism (b) Realism
(c) Idealism (d) Naturalism

88. निम्नलिखित में से मानव शरीर में कौन-सा अक्ष नहीं है ?
(a) अनुलम्ब अक्ष (b) गति का अक्ष
(c) सममितार्धो अक्ष (d) अग्र अक्ष

89. व्यक्तित्व के मापन की तकनीक का मूल वर्ग कौन-सा नहीं है ?
(a) साक्षात्कार
(b) प्रश्नावली
(c) रेटिंग स्केल
(d) असंरचित प्रक्षेप्य परीक्षण

90. निम्नलिखित में से प्रशिक्षण का प्रमुख साधन कौन-सा है ?
(a) भार आयतन
(b) भार की तीव्रता
(c) शारीरिक व्यायाम
(d) गति की गुणवत्ता

91. निम्नलिखित में से जोड़ों को रचना के आधार पर कितने भागों में वर्गीकृत किया गया है ?
(a) 05 (b) 04
(c) 01 (d) 03

92. परिपथ प्रशिक्षण विधि का आविष्कार किसने किया ?
(a) हर्बर्ट स्पेंसर
(b) चार्ल्स ए. बूकर
(c) मोर्गन और एडमसन
(d) अरस्तू

93. कौन-सा क्षेत्र खेल आयोजनों के संगठन एवं प्रशासन से सम्बन्धित है ?
(a) खेल चिकित्सा
(b) खेल मनोविज्ञान
(c) खेल प्रबधन
(d) खेल पत्रकारिता

94. निम्नलिखित दर्शनों में से सबसे पुराना दर्शन कौन-सा है ?
(a) व्यवहारवाद (b) यथार्थवाद
(c) आदर्शवाद (d) प्रकृतिवाद

95. Which valve is also known as mitral valve from the following ?
(a) Aortic semilunar valve
(b) Pulmonary semilunar valve
(c) Right atrioventricular valve
(d) Left atrioventricular valve

96. During the initial phase of pushing, what is the position of ankle joint ?
(a) Extension
(b) Dorsi flexion
(c) Plantar flexion
(d) Neutral position

97. Who coined the term 'Big Five Theory' ?
(a) Eysenck
(b) Cattel
(c) Lewis Goldberg
(d) McCare and Costa

98. Which is the most important teaching method in physical education from the following ?
(a) At will method
(b) Demonstration method
(c) Observation method
(d) Command method

99. Consider the following events and arrange them in correct chronological order starting from the earliest to the last activity.
I. Modern Olympic Games
II. Asian Games
III. Commonwealth Games
IV. Afro-Asian Games

Select the correct answer from the code given below.

**Code :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | I | III | II | IV |
| (b) | IV | II | III | I |
| (c) | I | II | III | IV |
| (d) | IV | III | II | I |

100. In how many chapters is the Olympic charter is divided in to ?
(a) 9
(b) 8
(c) 6
(d) 7

95. निम्नलिखित में से किस वाल्व को मिटरल वाल्व के नाम से भी जाना जाता है ?
(a) एओरटिक सेमिल्यूनर वाल्व
(b) पल्मोनरी सेमिल्यूनर वाल्व
(c) दाहिना एट्रियोवेंट्रिकुलर वाल्व
(d) बाँया एट्रियोवेंट्रिकुलर वाल्व

96. धकेलने की प्रारंभिक अवस्था में टखने के जोड़ की स्थिति क्या होती है ?
(a) प्रसारण
(b) पृष्ठीय वक्रण
(c) पादतल वक्रण
(d) तटस्थ स्थिति

97. 'बिग फाइव थ्योरी' शब्द किसने गढ़ा ?
(a) आइजेंक
(b) कैटेल
(c) लुईस गोल्डबर्ग
(d) मैककेयर एवं कोस्टा

98. निम्नलिखित में से शारीरिक शिक्षा की शिक्षण पद्धति में कौन-सी पद्धति सबसे महत्वपूर्ण है ?
(a) स्वेच्छा विधि
(b) प्रदर्शन विधि
(c) निरीक्षण विधि
(d) आदेश विधि

99. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिये तथा इन्हें सही कालक्रमिक अनुसार व्यवस्थित कीजिये, सबसे पहले से लेकर आखिरी गतिविधि तक ।
I. आधुनिक ओलंपिक खेल
II. एशियाई खेल
III. कामनवेल्थ खेल
IV. एफ्रो-एशियाई खेल

नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये ।

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | I | III | II | IV |
| (b) | IV | II | III | I |
| (c) | I | II | III | IV |
| (d) | IV | III | II | I |

100. ओलम्पिक चार्टर को कुल कितने अध्यायों में बाँटा गया है ?
(a) 9
(b) 8
(c) 6
(d) 7

101. Who stated that " Personality is an individual's unique pattern of traits" ?
(a) Guildford
(b) J. B. Watson
(c) R. B. Cattel
(d) Mun

102. During the condition of systolic blood pressure, which of the following chamber of the heart has to work vigorously ?
(a) Right atrium (b) Left atrium
(c) Left ventricle (d) Right ventricle

103. From the following, which is NOT the classification of research by Edwards and Cronbach ?
(a) Experimental Research
(b) Applied Research
(c) Survey Research
(d) Technique Research

104. Looking on the theoretical and practical approach of teaching learning in physical education, which seems to more realistic or close to philosophy ?
(a) Electicism (b) Existentialism
(c) Naturalism (d) Realism

105. From the following the main source of energy in all the activities is called
(a) Minerals (b) Carbohydrates
(c) Protein (d) Fat

106. From the following, ability to achieve high speed from stationary position is called
(a) Locomotor ability
(b) Acceleration ability
(c) Reaction ability
(d) Movement ability

107. Who has defined the endurance "as the ability to resist fatigue" ?
(a) Hertz (b) Harre
(c) Schnabel (d) Koinzer

101. किसका कथन है कि "व्यक्तित्व किसी व्यक्ति के विशिष्ट गुणों का अनूठा स्वरूप है" ?
(a) गिल्डफोर्ड
(b) जे. बी. वाट्सन
(c) आर. बी. कैटेल
(d) मन

102. प्रकुंचक रक्तचाप की स्थिति में हृदय के निम्नलिखित में से किस कक्ष को अधिक सक्रियता से कार्य करना पड़ता है ?
(a) दायां आलिंद (b) बांया आलिंद
(c) बांया निलय (d) दायां निलय

103. निम्नलिखित में से कौन-सा एडवर्ड्स और क्रोनबैक द्वारा वर्गीकरण **नहीं** है ?
(a) प्रयोगात्मक अनुसंधान
(b) व्यवहृत अनुसधान
(c) सर्वेक्षण अनुसंधान
(d) प्रविधि अनुसंधान

104. शारीरिक शिक्षा में शिक्षण अधिगम के सैद्धान्तिक एवं प्रयोगिक दृष्टिकोण को देखते हुए कौन-सा दर्शनशास्त्र के अधिक करीब अथवा यथार्थवादी प्रतीत होता है ?
(a) सारसंग्रहवाद (b) अस्तित्ववाद
(c) प्रकृतिवाद (d) यथार्थवाद

105. निम्नलिखित में से ऊर्जा का मुख्य स्रोत सभी गतिविधियों के लिये, कहलाता है ?
(a) खनिज (b) कार्बोहाइड्रेट
(c) प्रोटीन (d) वसा

106. निम्नलिखित में से स्थिर अवस्था से अधिक गति प्राप्त करने की क्षमता को कहते है
(a) लोकोमोटर क्षमता
(b) त्वरण क्षमता
(c) प्रतिक्रिया क्षमता
(d) गतिज क्षमता

107. किसने सहनशक्ति को "थकान के प्रतिरोध करने की क्षमता" के रूप में परिभाषित किया है ?
(a) हर्टज (b) हार्रे
(c) स्केनबेल (d) कोइन्जर

108. Consider the following events and arrange these in correct chronological order starting from the earliest to the last activity.
I. The central advisory board formed.
II. Physical Education Committee or Tarachand Committee Formation.
III. Commencement of Coaching Scheme or Rajkumari Coaching Scheme.
IV. Establishment of National Fitness Core.
Select the correct answer from the following code.
**Code :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | IV | III | I | II |
| (b) | II | I | III | IV |
| (c) | I | II | III | IV |
| (d) | II | IV | I | III |

109. First step in sports management is
(a) Directing
(b) Planning
(c) Budgeting
(d) Co-ordinating

110. How many preparatory phases does triple periodisation have ?
(a) 04
(b) 03
(c) 01
(d) 02

111. Which age is calculated by counting of teeth ?
(a) Mental age
(b) Chronological age
(c) Anatomical age
(d) Physiological age

112. Under which lesson plan the instructions of skill and techniques of major games comes ?
(a) Activity lesson plan
(b) Theory lesson plan
(c) General lesson plan
(d) Coaching lesson plan

113. In which year International Olympic Committee was established from the following ?
(a) 776 B.C.
(b) 1897
(c) 1894
(d) 1896

114. Who is the father of Kinesiology from the following ?
(a) Froble
(b) Aristotle
(c) Archimedes
(d) Claudicus Galen

108. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिये तथा इन्हें सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिये, सबसे आगे से अन्तिम गतिविधि तक ।
I. केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड का गठन ।
II. शारीरिक शिक्षा समिति या ताराचन्द समिति का गठन ।
III. कोचिंग स्कीम या राजकुमारी कोचिंग स्कीम की शुरुआत ।
IV. नेशनल फिटनेस कोर की स्थापना ।
नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये ।
**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | IV | III | I | II |
| (b) | II | I | III | IV |
| (c) | I | II | III | IV |
| (d) | II | IV | I | III |

109. खेल प्रबंधन में पहला कदम है
(a) निर्देशन करना
(b) योजना बनाना
(c) बजट बनाना
(d) समन्वय करना

110. ट्रिपिल पीरियडाइजेशन में कितने प्रिपरेटरी काल होते है ?
(a) 04
(b) 03
(c) 01
(d) 02

111. कौन-सी आयु दांतों की गणना के आधार पर की जाती है ?
(a) मानसिक आयु
(b) कालक्रमिक आयु
(c) शारीरिक आयु
(d) क्रियात्मक आयु

112. प्रमुख खेलों के कौशल और तकनीकों के निर्देश किस पाठ योजना के अंतर्गत आते हैं ?
(a) गतिविधि पाठ योजना
(b) सिद्धान्त पाठ योजना
(c) सामान्य पाठ योजना
(d) कोचिंग पाठ योजना

113. निम्नलिखित वर्षों में से किस वर्ष अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति का गठन किया गया था ?
(a) 776 B.C.
(b) 1897
(c) 1894
(d) 1896

114. निम्नलिखित में से गतिविज्ञान का जनक कौन है ?
(a) फ्रोबेल
(b) अरस्तू
(c) आर्कमिडिज
(d) क्लाउडिकस गैलेन

115. Which principle states that heredity and environment both affect development ?

(a) Principle of integration

(b) Principle of interaction

(c) Principle of continuity

(d) Principle of individual difference

116. "Health is the quality of life that enables an individual to live most and serve best". Who said ?

(a) Voltmer and Esslinger

(b) J. F. William

(c) Oxford English Dictionary

(d) W. A. Yeager

117. Who was the father of modern physiology ?

(a) William Harvey

(b) Claude Bernard

(c) William Arnold

(d) Harwath and Harwath

118. Which is NOT a major muscle contraction from the following ?

(a) Isokinetic contraction

(b) Isoconcentric contraction

(c) Isometric contraction

(d) Isotonic contraction

119. Which of the following pairs (Sports Federation and Year) is NOT correctly matched ?

(a) Basketball Federation of India – 1950

(b) Handball Federation of India – 1972

(c) Indian Football Association – 1893

(d) Hockey India – 2009

120. From the following, who gave the definition "Physical education is that phase of the whole field of education that deals with big muscle activities and their related responses." ?

(a) William James

(b) John Watson

(c) Charles A. Bucher

(d) J. B. Nash

115. कौन–सा सिद्धान्त कहता है कि आनुवंशिकता और पर्यावरण दोनों विकास को प्रभावित करते है ?

(a) समन्वय का सिद्धान्त

(b) अंत:क्रिया का सिद्धान्त

(c) निरंतरता का सिद्धान्त

(d) व्यक्तिगत भिन्नता का सिद्धान्त

116. "स्वास्थ्य जीवन की वह योग्यता है, जो व्यक्ति को सबसे अधिक जीने और सर्वोत्तम सेवा करने में सक्षम बनाता है" – किसने कहा ?

(a) वोल्टमर और एसलिंगर

(b) जे. एफ. विलियम

(c) आक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी

(d) डब्लू. ए. येगर

117. आधुनिक क्रिया–विज्ञान के जनक कौन थे ?

(a) विलियम हार्वे

(b) क्लोड बेर्नार्ड

(c) विलियम अर्नोल्ड

(d) हारवथ एवं हारवथ

118. निम्नलिखित में से कौन मुख्य मांसपेशी संकुचन **नहीं** है ?

(a) आइसोकाइनेटिक संकुचन

(b) आइसोकन्सेंट्रिक संकुचन

(c) आइसोमेट्रिक संकुचन

(d) आइसोटोनिक संकुचन

119. निम्न में से कौन–सा युग्म (खेल संगठन एवं वर्ष) सही सुमेलित **नहीं** है ?

(a) भारतीय बास्केटबॉल संघ – 1950

(b) भारतीय हैन्डबॉल संघ – 1972

(c) भारतीय फुटबॉल महासंघ – 1893

(d) हॉकी इन्डिया – 2009

120. निम्नलिखित में से किसने परिभाषा दी, "शारीरिक शिक्षा सम्पूर्ण शिक्षा क्षेत्र का वह चरण है, जो बड़ी मांसपेशियों की गतिविधियों और उससे सम्बन्धित प्रतिक्रियाओं से सम्बन्धित है ।" ?

(a) विलियम जेम्स

(b) जॉन वाटसन

(c) चार्ल्स ए. बूचर

(d) जे. बी. नैश